# CSCA Oath Taking Ceremony 2025

## धामी कॉलेज में नवगठित छात्र परिषद के सदस्य किए सम्मानित



**सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील मे शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवगठित केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अकादमिक, सांस्कृतिक, क्रीड़ाआत्मक, क्लब, सोसायटी व अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों में मेरिट तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नामांकन किया गया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने नवगठित परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सत्र 2025-26 के लिए बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रीना देवी को अध्यक्ष, बीकॉम तृतीय वर्ष की दीक्षा शर्मा को उपाध्यक्ष, बीएससी तृतीय वर्ष की अपराजिता को सचिव, बीएससी द्वितीय वर्ष की भारती को सह सचिव, नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त पायल, राहुल कश्यप और ओम शर्मा को कक्षा प्रभारी, वंदना और यश को रोवर-रेंजर्स, खुशबु और अमित बंसल को एनएसएस, हिमांशु शर्मा और कृतिका को एनसीसी, कपिल और ममता को सांस्कृतिक सदस्य, आदित्य सेन और अंकिता बिष्ट को खेल के सदस्य, मित्तल कुमार को रेड रिबन क्लब का सदस्य और खेमावती को ईको क्लब का सदस्य चुना गया।

## धामी कॉलेज में नवगठित केंद्रिय छात्र परिषद के सदस्यों को किया गया सम्मानित




**दैनिक आवाज जनादेश/सुन्नी**

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील मे शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवगठित केंद्रिय छात्र परिषद के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अकादमिक, सांस्कृतिक, क्रीडात्मक, क्लब, सोसाइटी व अन्य सह- शैक्षणिक गतिविधियों में मेरिट तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नामांकन किया गया हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ दिनेश सिंह कंवर ने नवगठित परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा कोट, बैज लगाकर सम्मानित किया उन्होंने सभी सदस्यों को उनके मनोनयन के लिए शुभकामनाएं दी और केंद्रिय छात्र परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति महाविद्यालय प्रशासन उम्मीद करता हैं कि नव परिषद के सदस्य भी महाविद्यालय के विकास और हित के लिए निस्वार्थ भाव से मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रतिनिधि उनसे कभी भी मिल सकते हैं और हम मिलकर उन समस्याओं का समाधान निकालेंगे। सत्र 2025-26 के लिए बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रीना देवी को अध्यक्ष, बीकॉम तृतीय वर्ष की दीक्षा शर्मा को उपाध्यक्ष, बीएससी तृतीय वर्ष की अपराजिता को सचिव, बीएससी द्वितीय वर्ष की भारती को सह सचिव, नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त पायल, राहुल कश्यप और ओम शर्मा को कक्षा प्रभारी, वंदना और यश को रोवर-रेंजर्स, खुशबु और अमित बंसल को एनएसएस, हिमांशु शर्मा और कृत्तिका को एनसीसी, कपिल और ममता को सांस्कृतिक सदस्य, आदित्य सेन और अंकिता बिष्ट को खेल के सदस्य, मित्तल कुमार को रेड रिबन क्लब का सदस्य और खेमावती को ईको क्लब का सदस्य चुना गया। इन पदाधिकारियों ने कहा कि वे मिलकर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और महाविद्यालय द्वारा सीएससीए के लिए बनाए गए नियमों का पूर्ण निष्ठा से पालन करेगें और सदैव महाविद्यालय एवं छात्रों के हित के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में समस्त प्राध्यापक- गैर प्राध्यापक वर्ग और विद्यार्थियों ने 'एंटी टोबैको' की शपथ ली।

# धामी कॉलेज की एससीए ने ग्रहण की शपथ



धामी कॉलेज एससीए की नई कार्यकारिणी। स्रोत : कॉलेज

**शिमला।** राजकीय महाविद्यालय धामी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मेरिट आधार पर मनोनीत हुई एससीए के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को शपथ ली। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने एससीए की अध्यक्ष रीना देवी, दीक्षा शर्मा उपाध्यक्ष, सचिव अपराजिता और सह सचिव भारती को शपथ दिलाई। इसके अलावा एससीए में कक्षा प्रतिनिधि सदस्य के रूप में पायल, राहुल कश्यप, ओम शर्मा को शपथ दिलाई। इसके अलावा अन्य क्लबों से वंदना, यश, खुशबू, अमित बंसल, हिमांशु शर्मा, कृत्तिका, कपिल, ममता, आदित्य सेन, अंकिता बिष्ट, मित्तल कुमार और खेमावती को सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने नशा न करने की शपथ ली। संवाद